Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25 मार्च, 2023

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

हाल ही में केंद्र सरकार ने **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (Pradhan Mantri Ujjwala Yojana- PMUY) के तहत 200 रुपए प्रति गैस सिलिंडर सब्सिडी को एक वर्ष हेतु और बढ़ा दिया, जिससे 9.59 करोड़ लाभार्थी** लाभान्वित हुए। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। विभिन्न भू-राजनीतिक कारकों के कारण अंतरराष्ट्रीय तरलीकृत पेट्रोलियम गैस **(Liquefied Petroleum Gas- LPG)** की कीमतों में तेज़ वृद्धि के मद्देनज़र सरकार ने PMUY लाभार्थियों को उच्च LPG कीमतों से बचाने का फैसला किया है। PMUY भारत में आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों को LPG उपलब्ध कराने के उद्देश्य से **भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में शुरू** की गई एक सरकार की प्रमुख योजना है। इस योजना का उद्देश्य **खाना पकाने हेतु स्वच्छ ईंधन (LPG) प्रदान कर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य** की रक्षा करना है।
और पढ़ें... प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

रेडियोधर्मी सुनामी

उत्तर कोरिया ने **"हैइल",** जो कि कोरियाई शब्द है और जिसका अर्थ ज्वार की लहरें या सुनामी है, नामक एक **परमाणु-सक्षम अंडरवाटर ड्रोन** का परीक्षण करने का दावा किया है, **जिसे एक विशाल "रेडियोधर्मी सुनामी" उत्पन्न करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।** जल के भीतर हुए परमाणु विस्फोट को सैद्धांतिक रूप से रेडियोधर्मी सुनामी कहा जा सकता है। इस ड्रोन को तट पर ही तैनात किया जा सकता है या सतही जहाज़ों की सहायता से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है और इसे **"जल के नीचे विस्फोट के माध्यम से विशाल रेडियोधर्मी सुनामी उत्पन्न करने" के लिये बनाया गया है तथा परिचालनीय जल (operational waters) में घुसपैठ के दौरान इसे ट्रैक नहीं किया जा सकता है, इस प्रकार यह** नौसेना के हमलावर समूहों और बंदरगाहों को नष्ट करने में सक्षम है।

डिजीक्लेम

डिजीक्लेम (DigiClaim) एक डिजिटाइज़्ड क्लेम भुगतान मॉड्यूल है जिसे हाल ही में **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** के तहत लॉन्च किया गया है। इस मॉड्यूल के लॉन्च होने के साथ दावों (Claim) का निपटान इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा, जिससे छह राज्यों के संबंधित किसानों को लाभ होगा। **राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और हरियाणा** राज्यों में बीमित किसानों को 23 मार्च, 2023 को कुल 1260.35 करोड़ रुपए का बीमा दावा निपटान किया गया है। स्वचालित दावा निपटान प्रक्रिया सभी बीमित किसानों के जीवन को आसान बनाने और उन्हें **स्थायी वित्तीय प्रवाह और सहायता प्रदान करने के लिये** एक सतत् गतिविधि होगी। किसानों के दावों को पारदर्शी एवं ज़िम्मेदारी के साथ सीधे उनके संबंधित बैंक खातों में प्रेषित किया जाएगा। इस तकनीक को **राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) एवं** सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के एकीकरण के माध्यम से सक्षम किया गया है।
और पढ़ें... फसल बीमा

एबेल पुरस्कार

लुइस कैफरेली ने **गैर-रैखिक आंशिक अंतर समीकरणों के लिये नियमितता सिद्धांत** में उनके योगदान हेतु **वर्ष 2023 का एबेल पुरस्कार जीता** है, जिसमें **मुक्त-सीमा समस्याएँ और मोंगे-एम्पीयर समीकरण शामिल हैं।** एबेल पुरस्कार **गणित के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो गणित में अग्रणी वैज्ञानिक उपलब्धियों को मान्यता देता है।** इसका नाम **नार्वे के गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के नाम पर रखा गया है। नार्वेजियन संसद ने वर्ष 2002 में पुरस्कार की स्थापना की** और इसमें **7.5 मिलियन क्रोनर (लगभग $720,000) का मौद्रिक पुरस्कार** और **एक काँच पट्टिका** शामिल है। यह **नॉर्वे के शिक्षा मंत्रालय की ओर से नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा प्रदान किया जाता है।**
और पढ़ें... एबेल पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-march-2023